तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 12 जुलाई 2026



12 दिघवाड़ी स्कूल में पेयजल संकट गहराया, ...






12 सीडबॉल निर्माण और बीजारोपण से दिया हरित...












## संघ के शताब्दी वर्ष पर आज होगी खंड योजना बैठक

**डौंडीलोहारा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में खंड डौंडी लोहारा की खंड योजना बैठक का आयोजन 12 जुलाई 2026, रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, डौंडी लोहारा में किया जाएगा। बैठक का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। बैठक का उद्देश्य संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान ग्राम एवं समाज स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों का विस्तार करना तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना है। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर शेष पेज 10 पर

### बरसात में कीचड़ और गड्ढों से जूझ रहे ग्रामीण

# भूमिपूजन के छह माह बाद भी शुरू नहीं हुआ सड़क निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

- 1.48 करोड़ की लागत से बनने वाली ठेकवाडीह–बोहारडीह सड़क टेंडर प्रक्रिया में अटकी, 15 गांवों के लोगों में नाराजगी

मुख्यमंत्री द्वारा जनवरी 2026 में सड़क के लिए भूमिपूजन करने के बाद भी लोक निर्माण विभाग छः माह बाद भी कार्य प्रारंभ नही कर सका, जिससे इस बरसात मे भी ग्रामीणों को कीचड़, गड्ढे युक्त सड़क से आना जाना करना पड़ेगा व जान जोखिम मे डा ल क र किसानी कार्य करना पड़ेगा। मामला ठेकवाडीह से बोहारडीह मार्ग तक बनने वाले 1.30 किलोमीटर लंबी सड़क का है। बरसों की मांग व दर्जनों बार मंत्री, मुख्यमंत्री के चक्कर के बाद ग्रामीणों की मांग पूरी हुई थी। जिसके लिए 1.48 करोड़ स्वीकृत हुए थे। जिसका भूमि पूजन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा 12 जनवरी को किया गया था, किंतु छः माह बीत जाने के बावजूद अब तक लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्य को प्रारंभ नहीं किया गया है, जिसके चलते ग्रामीणों में काफी आक्रोश है, ग्रामीण को उम्मीद थी कि बरसात में ग्रामीणों को उबड़ खाबड़, कीचड़ युक्त सड़क से मुक्ति मिल जाएगी, किंतु आज भी समस्या जस की तस बनी हुई है।





आपको बता दें कि इस मार्ग का निर्माण हो जाने से ठेकवाडीह, बोहारडीह, दर्रा, खर्रा, दुपचेरा, दियाबाती, मुजगहन सहित 15 गांव के ग्रामीणों को आने जाने में सहूलियत होगा। इसी मार्ग से बोहारडीह से छात्र–छात्राएं ठेकवाडीह स्कूल आते हैं, किंतु मार्ग खराब होने से स्कूली बच्चों को परेशानी उठानी पड़ती है, कई बार स्कूली शेष पेज 10 पर


## युवक ने फोन पर दी गाली मामला दर्ज

**बालोद।** मोबाईल में अनर्गल मैसेज करने से मना करने पर युवक ने मना करने वाले व्यक्ति को फोन में गाली गलौज कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सेन सामाज बालोद जिला अध्यक्ष वार्ड न0 20 पाररास बालोद निवासी संतोष कुमार कौशिक ने पुलिस को बताया कि सेन सामाज के लोगो द्वारा एक वाट्सअप ग्रुप बना है, जिसमें छत्तीसगढ प्रदेश के लगभग 500 सेन सामाज के लोग जुडे हुए है। 08 जुलाई को छत्तीसगढ शासन के द्वारा सेन सामाज के गौरी शंकर श्रीवास को केशसिल्पी कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष बनाये जाने का मैने जिला बालोद के तरफ से वाट्सअप ग्रुप संत श्री सेन बिरादरी 2 में अपने मोबाईल नम्बर के माध्यम से बधाई दिया, तभी उक्त वाट्सअप ग्रुप में जुडे हुए मोबाईल नम्बर के धारक द्वारा उल्हाना देते हुए मैसेज भेजने लगा जिसको मैने अपने मोबाईल नम्बर से मोबाईल नम्बर में कॉल कर बात करने के दौरान परिचय पूछने पर उन्होने अपना नाम मुकेश सेन पिता चैत राम सेन ग्राम तरीघाट थाना व तहसील पाटन जिला दुर्ग का रहने वाला बताया। जिनको मैने वाट्सअप ग्रुप में अनावश्यक मैसेज नही करने के सम्बध में समझाईस दे रहा था, तभी मुकेश सेन मुझे बहुत ज्यादा शेष पेज 10 पर












## खबर संक्षेप

### बालोद को मिला नया पुलिस अधीक्षक

**बालोद।** जिले का नया पुलिस अधीक्षक आईपीएस अधिकारी किरण गंगाराम चव्हाण को नियुक्त किया गया है।



वहीं बालोद के पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल का तबादला सूरजपुर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के किसान परिवार से आने वाले किरण गंगाराम चव्हाण इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी की और वर्ष 2018 में यूपीएससी उत्तीर्ण कर भारतीय पुलिस सेवा में चयनित हुए। उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर आवंटित किया गया। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। साल 2022 में उन्हें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा बनाया गया। साल 2023 में सुकमा जिले का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया। नक्सल प्रभावित जिले में उन्होंने सुरक्षा बलों के समन्वय, नक्सल विरोधी अभियानों, सामुदायिक पुलिसिंग और स्थानीय लोगों के बीच विश्वास बढ़ाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया।

### सरकारी योजनाओं का लाभ अब हर जरूरतमंद तक

**भिलाई।** श्रम विभाग द्वारा संचालित जनकल्याण श्रमिक योजना और केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रमिक कार्ड पंजीकरण, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महिला मोर्चा द्वारा की गई, जिसके पश्चात श्री वृद्धि जनकल्याण संस्था ने केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उनके लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया से लोगों को अवगत कराया। शिविर में सैकड़ों नागरिकों ने सहभागिता कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

### सड़क हादसों में आई कमी

**भिलाई।** सड़क हादसों में कमी आने को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने आंकड़ा पेश किया है। जिसमें माह जून 2026 में सिर्फ 6 मौत बताया गया है। बल्कि वर्ष 2025 की तुलना में 2026 में तीस प्रतिशत की कमी आई है। जून 2025 की तुलना में जून 2026 में 12 कम मौतें हुई है। सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से व्यापक अभियान संचालित किया गया। ओवरस्पीड, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, गलत दिशा में वाहन चलाने, नो-पार्किंग अन्य ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई किया जा रहा है। नेशनल हाइवे के ब्लैक, ग्रे स्पॉट में पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है। ट्रैफिक सुधार, चेतावनी संकेतक, जन-जागरूकता गतिविधियां त्वरित सहायता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। वर्ष 2025 की तुलना में वर्ष 2026 में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में 30 प्रतिशत की कमी आई है। 61 लोगों की जान बचाने में सफलता मिली है। पिछले पांच माह से प्रतिदिन 6 बजे जिले के चिन्हित स्थानों पर फिक्स वाहन चेकिंग पॉइंट लगाया गया। ब्लैक एवं ग्रे स्पॉट आवश्यक सुधार कार्य, विशेष निगरानी, सघन प्रवर्तन अभियान संचालित किया। छह माह में 404 जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया।

### ट्यूबवेल खनन पर लगा प्रतिबंध समाप्त

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने जिले में नलकूप ट्यूबवेल खनन पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत जिले को जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया था। यह प्रतिबंध 30 जून अथवा मानसून के आगमन (जो भी बाद में हो) तक के लिए लागू किया गया था। वर्तमान में जिले में मानसून का आगमन हो जाने की स्थिति को देखते हुए, कलेक्टर ने इस अधिनियम के अंतर्गत नलकूप खनन पर लगे प्रतिबंध समाप्त कर दिया है।

# नया बस स्टैंड में जलभराव से मिलेगी राहत, 23 लाख की नाली निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शहर के नया बस स्टैंड क्षेत्र में लंबे समय से बारिश के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। लोक निर्माण विभाग द्वारा 23 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाली बहुप्रतीक्षित नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया तथा निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह महत्वपूर्ण कार्य भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन के सतत प्रयासों एवं पहल का परिणाम है। उनके विशेष अनुरोध पर लोक निर्माण मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा नाली निर्माण हेतु 23 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई, जिससे वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त हुआ है। नाली निर्माण कार्य प्रारंभ होने से स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों में हर्ष का वातावरण है। यह निर्माण कार्य पूरा होने के बाद नया बस स्टैंड क्षेत्र में वर्षा ऋतु के दौरान होने वाले जलभराव से राहत मिलेगी तथा आवागमन और जनसुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने लोक निर्माण मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के मार्गदर्शन, सहयोग एवं जनहितैषी निर्णय के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन के सतत प्रयासों की भी सराहना की गई। जिनके प्रयासों से यह बहुप्रतीक्षित विकास कार्य साकार हो सका।

### प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन की पहल पर मिली स्वीकृति



#### ये रहे उपस्थित

भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, पार्षदगण गिरजेश गुप्ता, सुनीता मनहर, प्रीतम यादव, गोकुल ठाकुर, आशा पटेल, कांति साहू, श्यामा यादव, गोमती रात्रे, पुष्पा साहू, हितेश्वरी कौशिक, जागेश्वर ढीमर एवं बंटी शर्मा, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष हरीश सांखला, वरिष्ठ भाजपा नेता दानमल जैन, युवा नेता रजत, राज सोनी, महेश पाठक, संजय शर्मा,दीप्ति यादव, हेमराज जग्यासी, किशोर बाफना सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं शहरवासी उपस्थित रहे।

## पर्ची देखे बिना लगाया इंजेक्शन, अस्पताल में मचा हंगामा

# ताकत का इंजेक्शन लगवाने पहुंची महिला को लगा गर्भनिरोधक 'अंतरा' इंजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- अस्पताल की लापरवाही पर भड़के ग्रामीण, निष्पक्ष जांच की मांग
- बीपी और शुगर की मरीज के साथ हुई मानवीय त्रुटि, ग्रामीणों ने जांच की मांग उठाई

बीपी, शुगर की बीमारी होने के कारण शरीर में कमजोरी महसूस कर रही महिला ताकत का इंजेक्शन लगाने प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पहुंची, जहां महिला को गर्भनिरोधक अंतरा इंजेक्शन लग गया। जिसके बाद अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए, जहां नर्स व डॉक्टर के द्वारा महिला की काउसलिंग तथा जानकारी प्रदान करने पर मामला शांत हो गया।



मिली जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र सांकरा में दोपहर को क्षेत्र की एक महिला कमजोरी और लो ब्लड प्रेशर की शिकायत लेकर उपचार कराने पहुंची थी, जहां डॉक्टर लाईन से एक एक कर आवाज देकर उपचार के बुला रही थी, इसी दौरान डॉक्टर ने लाईन में लगी महिलाओं को आवाज देकर बुलाया, जहां लाईन में लगी पीड़िता महिला डॉक्टर के पुकार लगाने पर उक्त स्थान पर चली गई, जहां इंजेक्शन लगाने के समय डॉक्टर ने पर्ची नही देखा तथा महिला को कथित तौर पर गर्भनिरोधक अंतरा इंजेक्शन लगा दिया गया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में पदस्थ नर्स ने बिना पर्ची का सही तरीके से परीक्षण किए महिला को गलत इंजेक्शन लगा दिया। महिला के पति ने बताया कि उनकी पत्नी की पहले ही नसबंदी हो चुकी है। इसी वजह से किसी गंभीर स्थिति की आशंका नहीं रही। उन्होंने कहा कि यदि यह गलती किसी ऐसी महिला के साथ होती जिसकी नसबंदी नहीं हुई होती, तो गंभीर परिणाम सामने आ सकते थे। उन्होंने इस घटना को मरीजों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बताया।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण अस्पताल पहुंचे और नर्स तथा अस्पताल प्रबंधन से जवाब मांगा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ऐसी लापरवाहियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

मामले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांकरा के प्रभारी चिकित्सक डॉ. आशीष पंथी ने स्वीकार किया कि नर्स से हड़बड़ी और अधिक कार्यभार (वर्कलोड) के कारण यह मानवीय त्रुटि हुई है। महिला की काउंसलिंग कर दी गई है। उसे लगाए गए अंतरा इंजेक्शन से किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा और वह पूरी तरह स्वस्थ है। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि वर्कलोड का हवाला देकर मामले को हल्का दिखाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में मरीजों के साथ ऐसी लापरवाही दोबारा न हो।

# डिप्टी सीएम शर्मा ने जिले के विकास कार्यों के लिए लाखों रुपए देने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- जिला पंचायत अध्यक्ष को 30 लाख, जिला पंचायत सदस्यों व सरपंचों के लिए भी विकास निधि का आश्वासन

जिले के ग्रामीण क्षेत्रें में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चन्द्राकर के नेतृत्व मे एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान डिप्टी सीएम ने क्षेत्र के विकास के लिए बड़ी घोषणा करते हुए जनप्रतिनिधियों को लाखों रुपये की राशि के कार्यों की स्वीकृति देने का भरोसा दिलाया है।



मुलाकात के दौरान बालोद जिला पंचायत की अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर और उपाध्यक्ष तोमन साहू के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में जनपद पंचायत गुरूर और बालोद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य तथा जनपद सदस्य एवं सरपंच बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने डिप्टी सीएम के समक्ष अपने–अपने क्षेत्रें की विकास योजनाओं और जनता की प्रमुख मांगों को रखा। विजय शर्मा ने बालोद जिले के विकास को रफ्तार देने के लिए कार्यों की त्वरित स्वीकृति प्रदान करात कही। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को 30 लाख रुपए, जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद अध्यक्ष को 10 लाख रुपए तथा जनपद सदस्यों को 7 लाख एवं सरपंचो को 5 लाख रुपए की राशि उनके क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए तत्काल जारी करने का आश्वासन दिया।

उपमुख्यमंत्री से मिली इस सौगात के बाद बालोद जिले के ग्रामीण क्षेत्रें में बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, पानी, बिजली और सामुदायिक भवन के विकास कार्यों में तेजी आएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर और उपाध्यक्ष तोमन साहू ने इस त्वरित फैसले के लिए डिप्टी सीएम विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस राशि से ग्रामीण अंचलों की लंबित समस्याओं का तेजी से निराकरण होगा और विकास कार्यों को एक नई दिशा मिलेगी।

# 72 महिला समूहों को मिलेट हेल्थ कार्ट और 24 स्टार्टअप्स को मिलेगा अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू भिलाई ने जुलाई माह में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति अरुण अरोरा ने प्रतिक्षा बघेल और हितेंद्र तन्ना के साथ मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें निमंत्रण सौंपा।




विश्वविद्यालय की सेक्शन-8 संस्था सीएसवीटीयू-फोर्ट के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान आरईसी फाउंडेशन के सहयोग से संचालित 4.59 करोड़ रुपए की मिलेट परियोजना के प्रथम चरण में 72 महिला स्व-सहायता समूहों को पूरी तरह निःशुल्क मिलेट हेल्थ कार्ट वितरित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य मिलेट आधारित खाद्य परंपरा को बढ़ावा देने के साथ ग्रामीण महिलाओं की आजीविका और पोषण सुरक्षा को मजबूत करना है। इसके अलावा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की 4.96 करोड़ रुपए की निधि आई टीबीआई परियोजना के तहत चयनित 24 स्टार्टअप्स को 50 लाख रुपए तक के इग्निशन ग्रांट के चेक वितरित किए जाएंगे। इनमें 50 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप्स अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवा उद्यमियों द्वारा संचालित हैं।

# रेलिंग के सहारे सेल्फी बन सकती है जानलेवा, शिवनाथ नदी में सुरक्षा बढ़ाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

बरसात के मौसम में शिवनाथ नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ संभावित हादसों को देखते हुए शिवसेना ने नदी किनारे सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग उठाई है। शिवसेना भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शिवनाथ नदी के किनारे लगी सुरक्षा रेलिंग के आसपास भीड़ पर प्रतिबंध लगाने और आवश्यक सुरक्षा उपाय लागू करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि बरसात के दौरान बड़ी संख्या में लोग शिवनाथ नदी का बढ़ा हुआ जलस्तर देखने पहुंचते हैं। इस दौरान कई लोग सुरक्षा रेलिंग के सहारे खड़े होकर मोबाइल से फोटो, वीडियो, रील और सेल्फी बनाने में व्यस्त रहते हैं। भीड़ और उत्साह के कारण लोग यह भूल जाते हैं कि नदी किनारे की जमीन फिसलन भरी और बेहद खतरनाक होती है। शिवसेना का कहना है कि कई लोग रेलिंग पर शरीर का पूरा भार डालकर खड़े हो जाते हैं और अन्य लोग भी उनकी देखा-देखी ऐसा करने लगते हैं। लंबे समय तक नमी और पानी के संपर्क में रहने से लोहे की रेलिंग और पाइपों में जंग लगने की आशंका रहती है, जिससे उनकी मजबूती प्रभावित हो सकती है। ऐसी स्थिति में रेलिंग के सहारे खड़े लोगों के सीधे गहरे पानी में गिरने का खतरा बना रहता है।संगठन ने प्रशासन से नदी किनारे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, भीड़ को नियंत्रित करने और लोगों को सतर्क करने के लिए चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग तथा पुलिस निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

# रामानंद संप्रदाय के पौधारोपण महाभियान में देवारभाट गौठान में लगाए गए 351 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद





जगद्गुरु श्रीमद रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य श्री की प्रेरणा से रामानंद संप्रदाय द्वारा 5 जुलाई से 19 जुलाई तक चलाए जा रहे पौधारोपण महाभियान के अंतर्गत बालोद जिला क्षेत्र के ग्राम देवारभाट के गौठान परिसर में 351 पौधों का रोपण किया गया। बालोद जिला में अब तक 600 से अधिक पौधारोपण किया गया है। इस अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और जनजागरूकता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने रामानंद संप्रदाय द्वारा चलाए जा रहे इस महाभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे पर्यावरण हितैषी अभियान समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से पौधारोपण करने और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की।

वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं। वृक्ष हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, वायु प्रदूषण को कम करते हैं, वर्षा चक्र को संतुलित बनाए रखते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं तथा पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण के साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए।

रामानंद संप्रदाय का यह वृक्षारोपण महाभियान समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल बनकर उभर रहा है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में लता कोर्राम, सरपंच ग्राम देवरभाट, सचिव धर्मराज साहू विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पीठ समिति सदस्य चोवा राम साहू, जिला ब्लड कैंप प्रमुख भूपेश निषाद, तेजस्व राव जाचक, ब्लैक कमांडो एवं अखिल भारतीय हिन्दू संग्राम सैनिक तालुका अध्यक्ष भूखन बघेल, देवकुमार निषाद, कुसुम, मोनेश कौशिक, जिला समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### भूमिपूजन के छह...

बच्चे गिर कर दुर्घटना का शिकार हो गए है। ज्यादा परेशानी किसानों को उठानी पड़ रही है, क्योंकि इसी मार्ग से कृषि उपज मंडी व समिति मे धान बेचने जाते हैं, किंतु मार्ग खराब होने से डेढ़ किलोमीटर की जगह 7 किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता है, जिससे किसानो को समय के साथ धन की भी हानि होती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शोल्डर सहित सड़क की कुल चौड़ाई 7.50 मीटर रहेगी। कुल 3.50 मी के दायरे में डामर बिछेगा। वर्तमान में सड़क 3.75 मीटर चौड़ा है। ग्रामीणों का दावा है कि जनवरी माह में सर्वे करने पहुंचे पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर ने बताया था कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद अप्रैल या मई में काम शुरू होने का अनुमान है, किंतु आज भी सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। ग्राम पंचायत सरपंच देवश्री साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री के द्वारा भूमि पूजन किए जाने से ग्रामीण उत्साहित थे, किंतु लंबे समय बीत जाने के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है, हमने विभाग से भी संपर्क किया, किंतु किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। ग्रामीण अध्यक्ष मदन मोहन साहू ने बताया कि भूमि पूजन हो जाने से ग्रामीणों को उम्मीद थी कि बरसात के पहले सड़क निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा, किंतु अब तक विभाग द्वारा कार्य प्रारंभ नही किया गया है। बोहारडीह के सरपंच राजेंद्र साहू ने बताया कि 10 जुलाई शुक्रवार को जनपद पंचायत की सामान्य सभा में सड़क निर्माण की जानकारी लिया गया, जिसमें बताया गया कि सड़क निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया नहीं हो पाया है, जिसके चलते कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। एसडीओ लोक निर्माण विभाग सीएस सोनवंशी ने कहा कार्य टेंडर प्रक्रिया में है।

### युवक ने फोन पर दी...

गाली गलौच करते हुए धमकी देने लगा, कॉल के दौरान मैने मोबाईल का स्पीकर को ऑन करके रखा जिस कारण मुकेश सेन के द्वारा दिये गाली को मेरे साथ बैठे मेरी पत्नि राधा कौशिक, ग्राम तरौद निवासी उमेन्द्र कौशिक ने सुने है। मुकेश सेन द्वारा दिये गाली एवं धमकी को कॉल के दौरान रिकार्ड किया हूं जिनसे करीबन 05 मिनट बात हुआ है।

### संघ के शताब्दी वर्ष पर...

संघ कार्य को प्रत्येक मंडल के सभी गांवों तक पहुंचाने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए यह बैठक महत्वपूर्ण होगी।बैठक में खंड के निवासरत विभाग एवं जिला स्तर के दायित्ववान कार्यकर्ता, खंड कार्यकारिणी के स्वयंसेवक, सभी मंडल प्रमुख तथा प्रारंभिक, प्राथमिक, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष प्रशिक्षित स्वयंसेवकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

# वेतन विसंगति के खिलाफ स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की संभाग स्तरीय बैठक दुर्ग में आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं, वेतन विसंगति, निजीकरण और संगठन को मजबूत बनाने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर अहम निर्णय लिए गए। इस दौरान वेतन विसंगति और निजीकरण के खिलाफ स्वास्थ्य कर्मचारियों ने हुंकार भरते हुए आंदोलन की चेतावनी भी दी।

इम्पेक्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, संरक्षक और सलाहकार ओपी शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में बढ़ता निजीकरण गंभीर चिंता का विषय है। नियमित पदों पर भर्ती नहीं होने से लैब टेक्नीशियन, रेडियोग्राफर, स्टाफ नर्स और फार्मासिस्ट जैसे कोर्स करने वाले युवाओं के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि जीवनदीप समिति के कर्मचारियों को नियमित पदों पर समायोजित किया जाना चाहिए और स्वास्थ्य कर्मचारियों की वेतन विसंगति जल्द दूर की जानी चाहिए। प्रदेश महामंत्री और प्रवक्ता सैय्यद असलम ने बताया कि संगठन की मजबूती, सदस्यता अभियान को तेज करने तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में आठवें वेतनमान लागू होने से पहले स्वास्थ्य कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर कराने के लिए शासन-प्रशासन पर दबाव बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य कर्मचारियों पर हुई दंडात्मक कार्रवाई की निंदा करते हुए निर्दोष कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई वापस लेने तथा बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली की मांग उठाई गई। इसके लिए संघ का प्रतिनिधिमंडल दुर्ग कलेक्टर और स्वास्थ्य विभाग के सचिव से मुलाकात करेगा। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित पदोन्नति पर भी नाराजगी जताई गई।



### बर्खास्तगी को बताया अन्यायपूर्ण

दुर्ग जिला अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में बढ़ता निजीकरण युवाओं के रोजगार पर सीधा असर डाल रहा है। उन्होंने जिले के पांच स्वास्थ्य कर्मचारियों की बर्खास्तगी को अन्यायपूर्ण बताते हुए इसे कर्मचारियों का शोषण करार दिया। बैठक के दौरान नर्सिंग कैडर की मंजू राय को उनकी सेवाओं के लिए शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वाहन चालक अब्दुल सलीम खान को सेवानिवृत्ति पर और सहायक ग्रेड-2 नशकर टंडन को वेटलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीतने पर सम्मानित किया गया। बैठक में प्रदेश और संभाग के पदाधिकारी और विभिन्न जिलों के स्वास्थ्य कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संचालन संभागीय अध्यक्ष अजय नायक ने किया।

## खबर संक्षेप

### मुमुक्षु बहन काजल नाहर का 20 जुलाई को होगा भव्य अभिनंदन

**जामगांव आर।** जैन भगवती दीक्षा ग्रहण करने वाली मुमुक्षु बहन बाल ब्रह्मचारिणी सुश्री काजल नाहर



सुपौत्री पुखराज माडू बाई नाहर एवं सुपुत्री विनोद राखी नाहर गातापार का भव्य स्वागत अभिनन्दन 20 जुलाई 2026 सोमवार कृषि उपज मंडी भखारा में सकल जैन श्री संघ भखारा राल के तत्वाधान में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर भजन गायक राहुल झाबक आशक्ती से विरक्ति की भाव भरने वाले भजनों की श्रृंखला से अभिनंदन समारोह के साक्षी धर्म प्रेमियों को भक्ति से सराबोर करेंगे। दीक्षा बीकानेर राजस्थान में 4 सितंबर 2026 को वात्सल्य–मुक्ति के प्रणेता आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी महाराज साहब के सानिध्य में एवं उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि जी महाराज साहब के मुखारविंद से संपन्न होगी। भखारा राल जैन समाज अध्यक्ष गौतमचंद चौरडिया ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः 7:30 बजे से स्वल्पाहार के पश्चात 8:30 बजे धीरज नाहर निवास बाजार चौक से भव्य बग्गी जुलूस निकलेगा जो बाजार चौक, अटल चौक होते हुए कृषि उपज मंडी पहुंचेगा। 10:15 बजे स्वागत समारोह एवं अभिनंदन होगा तथा 12:45 बजे गौतम प्रसादी होगी। अध्यक्ष ने आग्रह किया है कि भखारा राल जैन समाज के परिवार के सभी सदस्य स्वस्फूर्त सुनिश्चित समय पर पहुंचकर अपनी सहभागिता जिम्मेदारी के साथ अवश्य निभाए। भखारा राल जैन समाज कोषाध्यक्ष रूपेश चोपड़ा ने बताया कि भखारा राल जैन समाज के दो दर्जन से अधिक ग्रामों में निवासरत जैन श्री संघ सदस्यों की महती भूमिका से यह अभिनंदन समारोह भव्यता को प्रदान करने के लिए आशान्वित है।उन्होंने बताया कि इस आयोजन में धमतरी दुर्ग भिलाई रायपुर बालोद कांकेर जगदलपुर राजनांदगांव राजिम नवापारा आदि शहरों के धर्म प्रेमियों की साक्षी बनने की खबर सामने आने लगी है।

### आंगनबाड़ी केंद्र में किया पौधारोपण, लिया संकल्प

**उतई।** महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम मचांदूर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा उतई मंडल के महामंत्री प्रवीण यदु शामिल हुए। अध्यक्षता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जयंती साहू ने की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रभा साहू, शकुन यदु, तेजेश्वरी, साधना सहित महिलाएं एवं बड़ी संख्या में पालक एवं बच्चे उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 14-15 वर्ष की बालिकाओं को निःशुल्क टीकाकरण अभियान से जुड़ने किया प्रेरित

# टटेंगा स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर व एचपीवी टीकाकरण की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में प्राचार्य टी.एल. देवांगन के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टटेंगा की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं को गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर, इसके कारण, लक्षण तथा बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी।

शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) रामटेक ने बताया कि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए सरकार द्वारा एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। यह टीका 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को निःशुल्क लगाया जा रहा है, जो भविष्य में इस गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे इस टीकाकरण अभियान का लाभ अवश्य लें। प्राचार्य टी.एल. देवांगन ने कहा कि विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य और जागरूकता के लिए विद्यालय में समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने छात्राओं से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को गंभीरता से लेने और टीकाकरण के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया।व्याख्याता हर्षा देवांगन ने कहा कि सरकार द्वारा यह टीका पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वस्थ जीवन और सुरक्षित भविष्य के लिए छात्राओं को इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। चंद्रमणि वासनिक ने कहा कि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर महिलाओं में होने वाली गंभीर बीमारियों में से एक है, जिससे समय पर टीकाकरण और जागरूकता के माध्यम से काफी हद तक बचाव संभव है। इस अवसर पर उपस्थित मितानिन कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे गांव-गांव और घर-घर जाकर एचपीवी टीकाकरण के संबंध में लोगों को जागरूक कर रही हैं, ताकि अधिक से अधिक बालिकाएं इस अभियान से जुड़कर इसका लाभ उठा सकें। स्वास्थ्य शिविर में छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य विशेषज्ञों से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता आयोजित






**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश एवं रेडक्रॉस शाखा के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार शनिवार को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस वालंटियर्स द्वारा जनसंख्या नियंत्रण एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की प्रतीक्षा ठाकुर एवं कक्षा 10वीं की ओमिका पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान पर कक्षा 11वीं की गरिमा देशमुख तथा कक्षा 10वीं के दुर्गेश निर्मलकर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं की यीशिका साहू एवं कक्षा 12वीं की ईशा निषाद प्रथम स्थान पर रहीं। द्वितीय स्थान कक्षा 10वीं की नंदिनी पटेल तथा कक्षा 12वीं की भावना निर्मलकर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन रेडक्रॉस प्रभारी प्रेमलता योगी ने प्राचार्य गोविंद राम साहू के मार्गदर्शन में किया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक रोहित देशमुख, देवश्री साहू, शैलेन्द्र साहू, उषा ठाकुर, पूर्णिमा कोशले, मालती साहू, ममता तिवारी, लीना जोशी एवं गुलशन चंद्राकर सहित पूरे शाला परिवार का सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि से पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है, बच्चों की शिक्षा प्रभावित होती है तथा कम उम्र में विवाह जैसी सामाजिक समस्याएं भी बढ़ती हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने जनसंख्या नियंत्रण एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## गुरेदा स्कूल में 21 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया

**अण्डा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुरेदा में शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं की पात्र 21 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत गुरेदा के सरपंच महेन्द्र साहू थे। इस अवसर पर पूर्व एसएमडीसी अध्यक्ष कमलेश पाण्डेय, उपसरपंच श्री निषाद, पंचगण ललिता



देवांगन, नारायण निर्मलकर, सुमित्रा साहू, खेमलता निषाद, मीरा कुंभकार, कुन्ती देशलहरा, प्रदीप सिन्हा, कोतवाल लीलावती देवांगन, योगेश सिन्हा सहित विद्यालय के प्राचार्य बिसन कुमार मेश्राम, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं साइकिल प्रभारी शिक्षक कुलेश्वर भारद्वाज उपस्थित रहे।अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, शिक्षा के प्रति समर्पित रहने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने शासन की इस योजना को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर निकाली जागरूकता रैली, छात्र-छात्राओं ने दिया छोटे परिवार का संदेश

**बालोद।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर भारत एवं मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, दानीटोला के छात्र–छात्राओं द्वारा जनसंख्या नियंत्रण एवं परिवार कल्याण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने दानीटोला एवं आस पास के क्षेत्रें में जागरूकता रैली निकालकर आमजन को बढ़ती जनसंख्या के प्रभाव एवं उसके समाधान के बारे में जानकारी दी।

■ रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से परिवार नियोजन व जनसंख्या संतुलन के प्रति किया जागरूक







रैली के दौरान छात्र–छात्राओं ने हाथों में आकर्षक पोस्टर, बैनर एवं स्लोगन लेकर लोगों को जनसंख्या संतुलन, छोटे परिवार के महत्व, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, महिला शिक्षा तथा परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों ने छोटा परिवार, सुखी परिवार, जनसंख्या नियंत्रण, देश का उज्ज्वल भविष्य, स्वस्थ परिवार, समृद्ध समाज तथा शिक्षा और जागरूकता से जनसंख्या पर नियंत्रण जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से लोगों को संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यावरण तथा प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ने वाले प्रभाव को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। साथ ही परिवार नियोजन, महिलाओं के सशक्तिकरण और जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया गया। दोनों संस्थानों के प्राचार्या डॉक्टर सिजो कोसी मारुति इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग, प्राचार्य प्रोफेसर डेनियल दीपक मसीह भारत इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एवं शिक्षकगण ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस का उद्देश्य केवल जनसंख्या वृद्धि पर चिंता व्यक्त करना नहीं, बल्कि लोगों को जिम्मेदार अभिभावक बनने, परिवार नियोजन अपनाने तथा स्वस्थ एवं शिक्षित समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है। सभी ने जनसंख्या संतुलन, महिला सशक्तिकरण और स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

# रेंगाडबरी स्कूल में छात्र प्रतिनिधियों का चुनाव संपन्न, नमिता बनीं शाला नायक

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंगाडबरी में शनिवार को छात्र प्रतिनिधि का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। चुनाव में विभिन्न पदों के लिए विद्यार्थियों का चयन किया गया। जिसमें शाला नायक नमिता (12वीं), उपशाला नायक तिलेश्वर (11वीं), छात्रा प्रतिनिधि खुशी साहू (12वीं), उपछात्रा प्रतिनिधि सिन्धु (11वीं), अनुशासन सचिव सौकत (12वीं), क्रीड़ा सचिव पूर्वशी (11वीं), सांस्कृतिक सचिव खुशी (12वीं), इको क्लब सचिव - तामेश्वर (11वीं) और विज्ञान सचिव भूमिका चुने गए। इसके साथ ही कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के लिए कक्षा नायक तथा उपकक्षा नायक का भी चुनाव किया गया। कार्यक्रम में एल.एल. गोटे व्याख्याता द्वारा नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई गई। संस्था प्रमुख आर. भुआर्य प्राचार्य ने सभी प्रतिनिधियों को उनके कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें ईमानदारी व अनुशासन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एम.एल. शिवने व्याख्याता, आर.के



ठाकुर व्याख्याता, सुधीर साहू व्याख्याता, सुरेंद्र कुमार व्याख्याता, कौशल्या कुंजन व्याख्याता, पी.एल. रावटे सहायक शिक्षक विज्ञान, के.एल. साहू सहायक शिक्षक विज्ञान एवं जागेश्वरी भृत्य उपस्थित रहे। उक्त जानकारी नेमन साहू ग्रामीण प्रतिनिधि ने दी।

## निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरित

**बालोद।** विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम भाठागांव में छत्तीसगढ़ शासन की निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत नेहरू उच्चतर माध्यमिक शाला भाठागांव बी की 11 छात्रओ को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत बिरेतरा की सरपंच तारिनी देशमुख एवं पूर्व सरपंच



भाठागांव संध्या साहू ने छात्रओं का गुलाल लगाकर स्वागत किया और उन्हें साइकिल सौंपी। साइकिल मिलने पर छात्रओं ने कहा अब हमें समय पर स्कूल आने में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व सरपंच योगेश देशमुख, शिक्षा प्रसारक समिति के सदस्य शांति ठाकुर, गिरीश देशमुख, चैनल ठाकुर सहित स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक–शिक्षिकाएं और छात्र–छात्रएं उपस्थित थे। शिक्षकों ने कहा की बेटियों के लिए ये योजना वरदान है। इससे ड्रॉपआउट रुकेगा। पालकों ने भी शासन की इस योजना की सराहना की।

# कलंगपुर में सिन्हा भवन उन्नयन के 20 लाख पर रार




**बालोद।** ग्राम पंचायत कलंगपुर में सिन्हा भवन उन्नयन कार्य के लिए स्वीकृत 20 लाख रूपये विवादों में पड़ गया है, राशि स्वीकृति के बाद ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रशासन ने भी स्वीकार किया है कि भवन में 20 लाख के कार्य किया जाना संभव नहीं है। पूरे मामले में जिस प्रकार के घटनाक्रम चला एवं प्रशासन ने पल पल रूप बदला उससे कार्य के लिए स्वीकृत 20 लाख की राशि के बंदर बांट किए जाने की आशंका बलवती हो रही है। ग्रामीणों का विरोध नही होता तो शायद मामला सामने भी नही आता एवं कार्य हो गया होता।

जानकारी के अनुसार ग्राम कलंगपुर में आयोजित एक समारोह में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने ग्रामीणो व पंचायत की मांग पर छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण से सामुदायिक भवन निर्माण सिन्हा समाज ग्राम कलंगपुर के नाम पर 20 लाख स्वीकृत किए। मामले में बिना किसी विवाद के बाद में उसमें 20 मार्च को संशोधन कर उसी 20 लाख की राशि को नवनिर्मित सिन्हा सामुदायिक भवन उन्नयन कार्य के नाम से संशोधित कर दिया गया। बता दे कि कलंगपुर में लगभग एक साल पूर्व ही सिन्हा सामुदायिक भवन बन चुका है। उसके बाद भी उन्नयन कार्य के लिए 20 लाख की राशि स्वीकृति की जानकारी के बाद उपसरपंच व कुछ पंचो एवं ग्रामीणो द्वारा विरोध प्रारंभ हुआ। उनका कहना था कि सिन्हा सामुदायिक भवन बने एक साल भी नहीं हुआ तो उसमें उन्नयन की आवश्यकता कैसे पड़ गई। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि राशि का बंदरबांट किया जा सकता है। ग्रामीणो के विरोध के बाद प्रशासन भी सजग हो गया। दावा है कि पहले पूरे 20 लाख के कार्य का प्राक्कलन बन गया था। इसके लिए पंचायत को पहली किश्त जारी हो गया था। विरोध के बाद आनन फानन में उसे रोक दिया गया एवं सीईओ जनपद गुण्डरदेही ने एसडीओ आरईएस को मामले में जांच कर प्रतिवेदन देने कहा। मामले में जनपद पंचायत गुण्डरदेही मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे ने कहा अभी कार्य पर रोक लगाते हुए राशि आहरण पर रोक लगा दिया गया है। सरपंच पुष्पा सिन्हा ने कहा सिन्हा समाज एवं ग्रामीणों की मांग व भावना के अनुरूप राशि की मांग की गई थी। इससे भवन के अतिरिक्त कक्ष एवं सीमेंटीकृत सड़क बनाने की योजना थी, जिससे समाज व ग्रामीणो को आवाजाही में सुविधा मिलती।

# भारतीय बौद्ध महासभा ने एसडीएम और नगर पंचायत को सौंपा ज्ञापन



**डौंडीलोहारा।** भारतीय बौद्ध महासभा परिक्षेत्र शाखा डौंडीलोहारा द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक मुद्दों को लेकर शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) तथा नगर पंचायत प्रशासन को अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए। महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में एसडीएम के माध्यम से शासन के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बोधगया स्थित महाबोधि महाविहार का प्रबंधन बौद्ध समाज को सौंपने की मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह विषय देशभर के बौद्ध समाज की आस्था और धार्मिक अधिकारों से जुड़ा हुआ है, इसलिए सरकार इस दिशा में शीघ्र सकारात्मक पहल करे। इसके साथ ही भारतीय बौद्ध महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पंचायत डौंडीलोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी ज्ञापन सौंपकर नगर के डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा स्थल के सामने अवैध रूप से लगाए जा रहे ठेलों को हटाने तथा परिसर में फैल रही गंदगी पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि प्रतिमा स्थल एक सम्मानित सार्वजनिक स्थान है, जहां स्वच्छता एवं गरिमा बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अवैध अतिक्रमण और गंदगी के कारण आने वाले लोगों को असुविधा होती है तथा महापुरुष की प्रतिमा की गरिमा भी प्रभावित होती है। महासभा ने प्रशासन से मांग की कि प्रतिमा स्थल के आसपास नियमित साफ-सफाई कराई जाए, अवैध ठेलों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो, इसके लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में बली रामटेके, राजकुमार रामटेके, सुरेंद्र रामटेके, तारा मेश्राम, डोंगरमल वासनिक, रमेश रामटेके, विजय वैदे, उके, क्षेमेश्वर मेश्राम, सत्यभामा रामटेके, सुनीता रामटेके एवं प्रीतम मेश्राम सहित भारतीय बौद्ध महासभा के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सब इंजीनियर बनने की खुशी में पूर्व छात्र ने पूरे स्कूल को कराया स्वल्पाहार



**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में एक अनुकरणीय और प्रेरणादायी पहल देखने को मिली। विद्यालय के भूतपूर्व छात्र मयंक साहू ने जल संसाधन विभाग में सब इंजीनियर के पद पर चयनित होने की खुशी में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ के लिए स्वल्पाहार का आयोजन कराया। हायर सेकेंडरी स्तर पर इस तरह का आयोजन क्षेत्र में अपनी तरह का पहला प्रयास माना जा रहा है। ग्राम चिल्हाटीकला निवासी मयंक साहू ने वर्ष 2016 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव से गणित संकाय में 12वीं उत्तीर्ण की थी। इसके बाद उन्होंने रूंगटा कॉलेज, दुर्ग से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। कड़ी मेहनत और लगन के बल पर उनका चयन जल संसाधन विभाग में सब इंजीनियर के पद पर हुआ है और वर्तमान में उनकी पदस्थापना सुकमा में हुई है। विद्यालय के प्राचार्य जे. के. उइके ने शाला परिवार की ओर से मयंक साहू एवं उनके पालक का सम्मान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### धान बोवाई को लेकर विवाद, मामला दर्ज

**बालोद।** जमीन में धान बोआई से मना करने पर दंपत्ति ने व्यक्ति के साथ गाली गलौज कर दिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने दंपत्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रं. 14 अर्जुन्दा निवासी नमन जैन ने पुलिस को बताया कि ग्राम पीपरखार में मेरे नाम पर कृषि भूमि करीबन 2 एकड 10 डिसमील जमीन है। जिसमें धान बोवाई हेतु 09 जुलाई के दोपहर अपना खेत पहुंचा तो देखा कि परदेशी राम साहू एवं उनकी पत्नी गहिमत बाई साहू ट्रेक्टर से मेरे खेत में बोवाई करा रहे थे, जिसे मैं बोला कि आप लोग मुझे उक्त जमीन को 02 साल पूर्व बिक्री कर दिये हो और मेरे नाम पर उक्त जमीन रजिस्ट्री करवा दिये हो जो मेरे नाम पर दर्ज हो गया है, इस पर दोनो मिलकर हमारा जमीन है हम बोयेगें क्या करना है कर लो कहकर गालियां देकर जान से मारने की धमकी दिये हैं, जिससे मैं भयभीत एवं मानसिक रूप से परेशान हूं।

### पावर प्लांट ऑपरेशन में सुरक्षा पर तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में पावर प्लांट ऑपरेशन में सुरक्षा विषय पर तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) में किया गया। सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग (एसईडी) द्वारा नेशनल सेफ्टी काउंसिल (एनएससी), मुंबई के सहयोग से आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन (पीबीएस) एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया है। उद्घाटन सत्र में मुख्य महाप्रबंधक देवदत्त सतपथी तथा महाप्रबंधक पी कृष्णमोहन उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त फौजी पति, सास समेत परिवार के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** दहेज प्रताड़ना मामले में पुलिस ने सेवानिवृत्त भारतीय सेना के जवान समेत सास, ननद और अन्य के खिलाफ प्रताड़ना, घरेलू हिंसा, मारपीट, चरित्र पर संदेह और जान से मारने की शिकायत महिला पुलिस थाने में दर्ज कराई है। महिला पुलिस थाना ने बताया कि निक्की पासवान की शादी 21 अक्टूबर 2021 को सेक्टर-6 स्थित आर्य समाज मंदिर में नागौर जिला राजस्थान निवासी मूलचंद सरवा से हुई थी।

# दिघवाड़ी स्कूल में पेयजल संकट गहराया, 200 से अधिक बच्चे पानी को तरसे

## हैंडपंप निकालने के बाद नई व्यवस्था नहीं, समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डी

डौण्डी विकासखंड के ग्राम दिघवाड़ी स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में पेयजल संकट गहरा गया है। स्कूल परिसर का हैंडपंप खराब होने के बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा उसे निकाल तो लिया गया, लेकिन अब तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किए जाने से 200 से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारी पेयजल के लिए परेशान हैं। स्थिति यह है कि मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) बनाने के लिए भी दूर से पानी लाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार हैंडपंप हटाए जाने के बाद कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन विभाग ने न तो उसकी मरम्मत कराई है और न ही नया हैंडपंप स्थापित किया है। पानी की कमी के कारण बच्चों को प्यास से जूझना पड़ रहा है, जबकि शिक्षकों को स्वयं बाल्टी लेकर दूर से पानी लाकर विद्यार्थियों की प्यास बुझानी पड़ रही है।

क्षेत्र के जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी ने बताया कि उन्होंने इस गंभीर समस्या को जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में भी उठाया था। इसके अलावा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को लिखित आवेदन देकर तथा कई बार दूरभाष के माध्यम से कार्यपालन अभियंता को भी स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।



### पेयजल व्यवस्था बहाल करने की मांग

तुलेश्वर हिचामी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तीन दिनों के भीतर स्कूल में पेयजल की व्यवस्था नहीं की गई तो ग्रामवासी एवं क्षेत्र की जनता आंदोलनात्मक कदम उठाने को मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य और उनके स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि पानी की कमी से बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। मध्याह्न भोजन तैयार करने में भी रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों एवं विद्यालय प्रबंधन ने कलेक्टर बालोद तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से तत्काल अस्थायी रूप से पानी का टैंकर उपलब्ध कराने और स्थायी समाधान के लिए शीघ्र पेयजल व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

## वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधारोपण के उद्देश्य से तैयार किए गए सीडबॉल

# सीडबॉल निर्माण और बीजारोपण से दिया हरित भारत का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पर्यावरण संरक्षण हेतु सीडबॉल निर्माण एवं बीजारोपण कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण गतिविधि जिला बालोद द्वारा किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से पीएमश्री विद्यालय सिरसिदा में सीडबॉल निर्माण एवं बीजारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें जिला सहकारवाह विनोद कुमार साहू, पर्यावरण जिला संयोजक कमलकांत साहू, खण्ड संयोजक योगेश्वर प्रसाद साहू, शासकीय पूर्व. माध्यमिक शाला व पी.एम.श्री सिरसिदा के शिक्षक प्रधानपाठक लीना देवांगन, महेन्द्र कुमार साहू, हीरालाल साहू, राकेश कुमार, प्रधानपाठक पी.एम.श्री धनेश्वरी साहू, दशेन्द्र कुमार साहू, गीतिका देशमुख, चन्द्रूलाल ठाकुर, संकुल समन्वयक बलराम मार्कण्डे, डेनिश चन्द्राकर, जयेश चन्द्राकर व ग्रामीण उपस्थित थे।

कार्यक्रम शुरुआत मुख्य अतिथि केशव साहू के कविता से हुआ जो उन्होने पंच परिवर्तन के विषय पर कविता के माध्यम से संदेश दिया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ वर्षा ऋतु में अधिक पौधों के प्राकृतिक रूप से विकसित होने के लिए सीडबॉल तैयार किए गए। उपस्थित स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सीडबॉल निर्माण कर उनका विभिन्न स्थानों पर बीजारोपण किया।




इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सीडबॉल जिसे बीज बम भी कहा जाता है, बीज को सुरक्षित रखने और उसे अंकुरित होने के लिए अनुकूल वातावरण देने की एक प्राचीन तकनीक है। बीजों को खासकर चिकनी मिट्टी, खाद वर्मीकम्पोस्ट और कभी–कभी थोड़ी सूखी घास या मिर्च पाउडर के मिश्रण में लपेटकर छोटी गेंदें बनाई जाती हैं।

इन्हें सीधे जमीन पर फेंका जा सकता है, मिट्टी की परत बीज को पक्षियों और कीड़ों से बचाती है जब बारिश होती है, तो मिट्टी की परत गल जाती है और बीज अंकुरित होकर जड़ पकड़ लेता है यह बीजरोपण एक पारंपरिक प्रक्रिया है, जिसमें बीज को जमीन में एक निश्चित गहराई पर लगाया जाता है जमीन में गड्ढा खोदकर, उसमें बीज डालकर ऊपर से मिट्टी से ढक दिया जाता है इसमें बीज के अंकुरण के लिए नियमित पानी और देखभाल की आवश्यकता होती है।

वक्ताओं ने कहा पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का कार्य नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सतत दायित्व है। सीडबॉल अभियान के माध्यम से कम लागत में अधिक से अधिक वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जा सकता है, जिससे भविष्य में हरित आवरण बढ़ेगा तथा जैव विविधता का संरक्षण होगा।

कार्यक्रम में पर्यावरण गतिविधि के कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

# जिला कांग्रेस की मासिक बैठक में संगठन सृजन अभियान पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला कांग्रेस कमेटी का मासिक बैठक में जिलाध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी द्वारा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने तथा कांग्रेस की विचारधारा और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने, मीडिया प्रंबधन एवं सोशल मीडिया के सशक्त उपयोग हेतु आगामी दिनों में नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों, बूथ अध्यक्षों एवं बीएलए 2 को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण देने की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा किया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कनेक्ट सेंटर का प्लेटफार्म बनाया गया है, उसके पोर्टल में ब्लॉक अध्यक्षों को भी जोड़ दिया गया है, जिसमें उन्हें अपनी सभी गतिविधियों को अपलोड करने का दिशा निर्देश दिया गया। संजारी बालोद विधायक एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के मंशानुरूप संगठन सृजन अभियान के तहत प्रशिक्षण शिविर एवं अन्य




संगठनात्मक गतिविधियों के बेहतर संपादन के लिए सभी जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को पूरी एकजुटता के साथ जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने का आव्हान किया। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेंड़िया, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, प्रदेश प्रतिनिधि कोदू राम दिल्लीवार, जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष प्रेमचंद क्षीरसागर, उपाध्यक्ष रामजी पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, तामेश्वर साहू, पूरण लाल साहू, संजय बारले, ब्लॉक अध्यक्ष रत्ती राम कोसमा, अंचल प्रकाश साहू, नरेंद्र सिन्हा, डॉ किशोर साहू, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष क्रांतिभूषण साहू, कमलेश श्रीवास्तव, दाऊद खान, सुमित शर्मा, शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष साजन पटेल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद्मिनी साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

निकाली गई जागरूकता रैली

# खोलझर स्कूल में छात्र संघ गठन के साथ गूंजा मतदाता जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खोलझर में शनिवार को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छात्र संघ गठन कार्यक्रम का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य अर्जुन लाल देवांगन, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से छात्र संघ का गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से परिचित कराने के लिए मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया का व्यावहारिक डेमो प्रस्तुत किया गया। मतदान की प्रक्रिया, मतदाता के अधिकार एवं निष्पक्ष चुनाव के महत्व की विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने भी पूरे उत्साह के साथ इस गतिविधि में भाग लेकर लोकतंत्र की बुनियादी प्रक्रियाओं को समझा।कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरूकता थीम पर आधारित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से सभी को शत-प्रतिशत मतदान करने तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक मतदाता की भूमिका को रेखांकित करते हुए जागरूकता का संकल्प भी लिया।इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा ग्राम खोलझर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में पहले मतदान, फिर जलपान, मेरा वोट, मेरा अधिकार तथा /"सशक्त लोकतंत्र की पहचान, शत-प्रतिशत हो मतदान जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने भी रैली का स्वागत करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का भरोसा जताया।विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भविष्य के जागरूक एवं जिम्मेदार मतदाता के रूप में तैयार करना रहा।






### शिक्षा सुधार की अनूठी पहल, सरपंच और पालकों ने उठाई जिम्मेदारी

**डौण्डीलोहारा।** विकासखंड डौण्डी लोहारा के वनांचल स्थित ग्राम चिलमगोटा में बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए ग्राम पंचायत और पालकों द्वारा सराहनीय पहल की गई है। प्राथमिक शाला चिलमगोटा में कक्षा पहली से पांचवीं तक कुल 48 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। गांव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरपंच नरेन्द्र मंडावी तथा पालकगणों ने मिलकर बच्चों की नियमित पढ़ाई और शैक्षणिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया है। इस पहल के तहत विद्यार्थियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे बच्चों का शैक्षणिक स्तर बेहतर हो सके। ग्रामीणों ने सरपंच एवं पालकों के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का यह कदम गांव के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। ग्रामीणों का मानना है कि जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों के सहयोग से शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव आएगा तथा बच्चों को आगे बढ़ने के बेहतर अवसर मिलेंगे।




# लोकतांत्रिक मतदान से गठित हुई बाल संसद शौर्या बने प्रधानमंत्री व भाग्या उप प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अण्डा, विकासखण्ड एवं जिला दुर्ग में विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से लोकतांत्रिक मतदान प्रक्रिया के माध्यम से बाल संसद का गठन किया गया। निर्वाचन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मतदान कर अपने प्रतिनिधियों का चयन किया।

- शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अण्डा में विद्यार्थियों ने उत्साह से चुने अपने प्रतिनिधि, नेतृत्व और जिम्मेदारी का मिला पाठ

निर्वाचन परिणाम के अनुसार कक्षा पाँचवीं के शौर्या निर्मलकर प्रधानमंत्री तथा भाग्या डहरिया उपप्रधानमंत्री निर्वाचित हुए। इसके अलावा अनुशासन मंत्री के रूप में मोनी सिन्हा, स्वच्छता एवं सुरक्षा मंत्री दीपक एवं यश धीवर, पर्यावरण मंत्री वैष्णवी ढीमर एवं प्रीति सिन्हा, पुस्तकालय मंत्री भाग्या डहरिया एवं हिमांक, मध्याह्न भोजन मंत्री तनिष्का कोसरिया एवं तन्मय देशलहरे तथा क्रीड़ा एवं योग मंत्री शौर्या निर्मलकर एवं लोकेश चन्द्राकर का चयन किया गया। प्रत्येक कक्षा के लिए भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया से कक्षा नायकों का चयन किया गया।



निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संस्था प्रधान चन्द्रहास साहू एवं सहायक शिक्षक पेमिन नागवंशी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने, पुस्तकालय का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर ध्यान देने तथा खेल एवं योग गतिविधियों के सफल संचालन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

संस्था प्रधान चन्द्रहास साहू ने अपने संबोधन में कहा कि बाल संसद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, निर्णय लेने की योग्यता, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करने का प्रभावी माध्यम है। ऐसी गतिविधियाँ बच्चों को भविष्य का जागरूक, जिम्मेदार एवं सक्रिय नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती हैं।

कार्यक्रम के समापन पर सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएँ देते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास में सक्रिय सहभागिता का संकल्प दिलाया गया।

## आंतरिक तपस्या द्वारा आध्यात्मिक सशक्तिकरण का होता है

# ब्रह्माकुमारीज में आध्यात्मिक सत्संग, माउंट आबू से पहुंचे बीके टोमन ने दिया आत्मज्ञान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बालोद स्थित आत्मज्ञान भवन में ब्रह्माकुमारी के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान से बीके. टोमन का आगमन हुआ। जिनके सानिध्य में बालोद सेवाकेंद्र एवं आसपास के भाई–बहनों ने आध्यात्मिक सत्संग का लाभ लिया।

उल्लेखनीय है वर्षा ऋतु का समय आध्यात्मिक पथ से जुड़े हुए साधकों के लिए आंतरिक तपस्या द्वारा आध्यात्मिक सशक्तिकरण का होता है। इसी श्रृंखला में ब्रह्माकुमारीज के भिन्न–भिन्न स्थानों पर ऐसा आयोजन किया जाता है। ब्रह्माकुमारीज बालोद मुख्य संचालिका बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि हम सभी



का सौभाग्य है कि समय प्रति समय माउंट आबू से ऐसे भाई बहनें हमारे मध्य आकर सभी का उत्साह वर्धन करते हैं। ब्रह्माकुमार टोमन भाई ने कहा कि हमें अटेंशन रखना, अपने भाव पर, स्वभाव पर, स्व की भावनाओं पर जो आत्मा का ओरिजिनल स्वभाव है। स्वधर्म है पवित्रता, सुख, शांति, आनंद, प्रेम उसे जागृत करना है। उन्होने बताया गीता के एक श्लोक यान्ति देव–व्रत देवं पितृन यान्ति पितृ–व्रतःभूतानि यान्ति भूतेज्या यान्ति मद–यजिनो शिप माम जिसका अर्थ है जो लोग देवताओं की पूजा करते हैं, वे देवताओं के बीच जन्म लेंगे, जो लोग भूत–प्रेतों की पूजा करते हैं, वे ऐसे प्राणियों के बीच जन्म लेंगे, जो पितरों की पूजा करते हैं वे पितरों के पास जाते हैं और जो मेरी पूजा करते हैं, वे मेरे साथ रहेंगे। इस श्लोक के द्वारा ही भगवान व परमात्मा के प्रति मेरी खोज प्रारंभ हुई और ब्रह्माकुमारीज में आकर यह पूर्ण हुई। किस प्रकार निराकार परमपिता परमात्मा शिव साधारण मनुष्य तन का आधार लेकर सच्चा गीता ज्ञान दे रहे हैं और मानव को देव बना रहे हैं। इस अवसर पर संस्था में आने वाले मेधावी छात्र–छात्रओं को ब्रह्माकुमार टोमन भाई व राजू भाई ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

